हाउसिंग एंण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय – हैदराबाद

हडको हैदराबाद को वर्ष **2025-2026** के लिए प्राप्त राजभाषा शील्ड

दिनांक 22-05-2026 को एन आई - एम एस एम ई, यूसुफगुडा, हैदराबाद में संपन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की 63वीं अर्द्ध-वार्षिक बैठक में हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, को वर्ष 2025-2026 के लिए संघ की राजभाषा हिन्दी के उतकृष्ट कार्यान्वयन एवं राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सराहनीय प्रयास के लिए अधिकतम 25 कार्मिक श्रेणी में राजभाषा शील्ड प्राप्त हुआ । श्री अनीश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ई सी आई एल एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में हडको से श्री पी सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख एवं श्री सी रजनी कांत, हिन्दी नोडल सहायक, ने बैठक में भाग लिया एवं शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की 63वीं अर्द्ध-वार्षिक बैठक में श्री अनीश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ई सी आई एल के कर कमलों से राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए श्री पी सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख एवं श्री सी रजनी कांत, हिन्दी नोडल सहायक हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय।